Roll No. ........................

(12/24)

# 5652

## B. A. (General) EXAMINATION

(For Batch 2011 & Onwards)

(Fifth Semester)

HINDI

(Compulsory)

*Time : Three Hours* *Maximum Marks* : 80

**नोट** : सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है ।

1. निम्नलिखित में से किन्हीं दो पद्यांशों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 7×2=14

(क) मैं रथ का टूटा पहिया हूँ

लेकिन मुझे फेंको मत

इतिहासों की सामूहिक गति

सहसा झूठी पड़ जाने पर

क्या जाने

सच्चाई टूटे पहियों का आश्रय ले।

(ख) ''कई दिनों तक चूल्हा रोया, चक्की रही उदास,

कई दिनों तक कानी कुतिया सोई उनके पास।

कई दिनों तक लगी भीत पर छिपकलियों की गश्त,

कई दिनों तक चूहों की भी हालत रही शिकस्त।''

(ग) ''उड़ चल, हारिल, लिए हाथ में

यही अकेला ओछा तिनका।

उषा जाग उठी प्राची में

कैसी बाट भरोसा किनका।

शक्ति रहे तेरे हाथों में

छूट न जाए, यह चाह सृजन की।

शक्ति रहे तेरे हाथों में

रुक न जाए गति जीवन की।



(घ) ''ढंग है नया

लेकिन बात यह पुरानी है।

घोड़ों पर रखकर या थैली में भरकर

या रोटी से ढँककर या फिल्मों में रंगकर

वे जंजीरें, केवल जंजीरें ही लाये हैं

और भी पहले वे कई बार आये हैं।''

2. 'अज्ञेय' **अथवा** श्री नरेश मेहता का साहित्यिक परिचय दीजिए। 10

3. निम्नलिखित लघु उत्तरीय प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर लगभग **150-150** शब्दों में दीजिए : 4×4=16

(क) 'कितनी नावों में कितनी बार' कविता के उद्देश्य पर प्रकाश डालिए।

(ख) 'नाच' कविता का प्रतिपाद्य अपने शब्दों में लिखिए।

P.T.O.

(ग) 'प्रेत का बयान' शीर्षक कविता का सार लिखिए ।

(घ) 'चक्रव्यूह' कविता के माध्यम से कवि ने क्या संदेश दिया है ?

(ङ) अज्ञेय व्यष्टि को समष्टि से जोड़ना चाहते हैं, अपने विचार लिखिए ।

(च) 'बोआई का गीत' का कथ्य स्पष्ट कीजिए ।

4. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 2×5=10

(क) द्विवेदी युगीन काव्य का संक्षिप्त परिचय दीजिए।

(ख) प्रगतिवादी साहित्य की वैचारिक पृष्ठभूमि स्पष्ट कीजिए ।

(ग) प्रयोगवादी काव्य की प्रवृत्तियों का संक्षेप में उल्लेख कीजिए ।



(घ) नई कविताओं की विशेषताओं का वर्णन कीजिए ।

5. आधुनिक हिन्दी कविता की विभिन्न काव्यधाराओं का संक्षिप्त उल्लेख कीजिए । 10

**अथवा**

प्रगतिवादी कविता की मुख्य प्रवृत्तियाँ लिखिए ।

6. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 2×5=10

(क) संक्षेपण का अर्थ स्पष्ट करते हुए, उसकी विधि पर प्रकाश डालिए ।

(ख) पल्लवन की परिभाषा और नियमों पर प्रकाश डालिए ।

(ग) 'परहित सरिस धर्म नहीं भाई' का पल्लवन कीजिए ।

**P.T.O.**

(घ) अपने महाविद्यालय के प्राचार्य को एक पत्र लिखकर खेल संबंधी कठिनाइयों की सूचना दीजिए तथा उन्हें दूर करवाने की प्रार्थना कीजिए ।

7. सभी वस्तुनिष्ठ प्रश्न अनिवार्य हैं : 1×10=10

(क) 'तारसप्तक' के सम्पादक कौन थे ?

(ख) 'छायावाद' के चार स्तंभ कौन माने जाते हैं ?

(ग) रघुवीर सहाय के **दो** काव्यसंग्रहों के नाम लिखिए ।

(घ) सरकारी पत्र किसे कहते हैं ?

(ङ) द्विवेदी युग की समय-सीमा क्या मानी जाती है ?

(च) 'विप्रलब्धा' का क्या अर्थ है ?

(छ) 'साथ-साथ' में कौनसा अलंकार है ?



(ज) 'रामदास' कविता के कवि कौन हैं ?

(झ) परिपत्र किसे कहते हैं ?

(ञ) प्रयोगवाद के प्रवर्तक कौन हैं ?